बी ई एम एल
beml
NEW FRONTIERS. NEW DREAMS

प्रेस रिलीस

बीईएमएल ने जीत लिया एफ़आईईओ के दक्षिणी क्षेत्र निर्यात पुरस्कार (स्वर्ण)

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन अग्रणी रक्षा सार्वजनिक उपक्रम है, ने वाणिज्य मंत्रालय के अधीन के भारतीय निर्यात संगठन संघ (एफ़आईईओ) द्वारा सम्पन्न समारोह में वर्ष 2015-16 के लिए “दक्षिणी क्षेत्र में उच्च सार्वजनिक निर्यातक (स्वर्ण)” पुरस्कार जीत लिया।

चेन्नई में आयोजित समारोह में, तमिलनाडु के माननीय राज्यपाल श्री बनवारी लाल पुरोहित की उपस्थिति में, माननीय उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू से श्री बी.आर. विश्वनाथ, निदेशक (खनन और निर्माण) बीईएमएल ने उक्त पुरस्कार ग्रहण किया। निर्यात के टर्नओवर, उभरते बाजारों में स्थिरता, उत्पाद विविधीकरण और विकास सहित विभिन्न मापदंडों पर विचार करने के उपरांत बीईएमएल को यह पुरस्कार प्रदान किया गया था।

माननीय उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू श्री बी.आर. विश्वनाथ, निदेशक (खनन और निर्माण) बीईएमएल को दक्षिणी क्षेत्र निर्यात पुरस्कार प्रदान करते हैं। साथ में दर्शित हैं तमिलनाडु के माननीय राज्यपाल श्री बनवारी लाल पुरोहित और श्री जी.के. गुप्ता, अध्यक्ष, एफ़आईईओ।

वर्ष 2015-16 के दौरान, बीईएमएल ने 275 करोड़ रुपए मूल्यवाले अपने उत्पादों को 19 देशों में निर्यात किया था।

बीईएमएल लिमिटेड द्वारा एक रिलीस

बेंगलूर
19.01.2018